<u>संदेश</u>

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों, विशेष रूप से सिख भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

गुरु नानक देव जी ने 'जपजी साहिब' में प्रेम, आस्था, सत्य और त्याग की शिक्षा दी है, जो हमें नैतिक आचरण की राह पर चलने का संदेश देती है। उन्होंने लंगर की प्रथा शुरू कर समाज में भाईचारे का संदेश दिया। गुरु नानक जी की वाणी हमें गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाते हुए ज्ञान और वैराग्य की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने ईमानदारी और मेहनत से आजीविका कमाने और उसे जरूरतमंद लोगों के साथ बाँटने की भी सीख दी।

आइए, हम सभी अपने दैनिक जीवन में गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपनाएं और समाज में मेल-जोल और एकता की भावना को और अधिक मजबूत बनाएं।

****